हिन्दी आधारित कम्प्यूटर प्रचालन प्रणाली

*2. श्री राजनाथ सिंह 'सूर्य': क्या सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हिन्दी आधारित कम्प्यूटर प्रचालन प्रणाली तैयार करने की दिशा में प्रयास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो ये प्रयास किस स्तर पर हैं;

(ग) इसे कब तक प्रयोग में लाने की योजना है; और

(घ) क्या अन्य भारतीय भाषाओं के संबंध में भी ऐसी कोई योजना है?

संसदीय कार्य तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री प्रमोद महाजन): (क) से (घ) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) जी, हां।

(ख) आईबीएम तथा माइक्रोसाफ्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की आवश्यक सहायता से क्रमशः वैयक्तिक कम्प्यूटर डिस्क प्रचालन प्रणाली (पीसी-डॉस) तथा विंडोज़ 2000 नामक प्रचालन प्रणालियों का विकास किया है, जिनमें हिन्दी में काम करने की सुविधा उपलब्ध है।

(ग) पीसी-डॉस नामक प्रचालन प्रणाली भारतीय बाजार में उपलब्ध है। विंडोज़ 2000 को भी दिनांक 17 फरवरी, 2000 को बाजार में उतारा गया है।

(घ) विंडोज़ 2000 पर संस्कृत, मराठी, कोंकणी तथा तमिल में भी काम करने की सुविधा है।

Hindi Based Computer Operating System

†*2. SHRI RAJNATH SINGH 'SURYA': Will the MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether Government are making efforts to prepare Hindi based computer operating system;

(b) if so, the status of these efforts;

---

†Original notice of the question was received in Hindi.

(c) by when it is planned to be put in to use; and

(d) whether there is any such scheme regarding other Indian languages also?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI PRAMOD MAHAJAN): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the Rajya Sabha.

Statement

(a) Yes, Sir.

(b) IBM and Microsoft have developed operating systems Personal Computer-Disk Operating System (PC-DOS) and WINDOWS 2000 respectively with Hindi support with necessary inputs from the Ministry of Information Technology.

(c) The operating system PC-DOS is available in the Indian market. WINDOWS 2000 has also been launched in the market on 17th February, 2000.

(d) WINDOWS 2000 also provides support for Sanskrit, Marathi, Konkani and Tamil.

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य": सभापति महोदय....(व्यवधान)....